**खबर संक्षेप**

## बुढार पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा जुआ के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बुढार क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सोनारन टोला में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर उक्त स्थान पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति सट्टा पर्ची काटते हुए मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शिवम सोनी पिता रमेश प्रसाद सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी सोनारन टोला का होना बताया। जिसकी तलासी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 250 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में उनि गोविन्द भगत की सराहनीय भूमिका रही।

### लांगहॉल व मालगाड़ियों की तीसरे ट्रैक से होगी पासिंग

# रेलवे का तीसरा ट्रैक पेण्ड्रा से चालू, ट्रेनों की लेट लतीफी होगी बंद

**शहडोल।** बिलासपुर-कटनी रेलवे ट्रैक पर चल रही यात्री ट्रेनों का एक बड़ा व्यावधान हट जाने से अब यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी जल्द ही समाप्त हो जाएगी। सभी यात्री ट्रेने अपने निर्धारित समय से आवाजाही कर सकेंगी। इस ट्रैक पर पिछले कई वर्षों से चल रहा तीसरे ट्रैक का काम न केवल पूर्णता की ओर है बल्कि पेण्ड्रा से कटनी का तीसरा ट्रैक पूर्ण हो चुका है और इसमें मार्च के अंतिम सप्ताह से यात्री ट्रेनो की आवाजाही भी शुरू कर दी गई है। वास्तव में इस तीसरे ट्रैक से लांगहॉल और मालगाडिय़ों की पासिंग होगी और पूर्व के अप एण्ड डाउन के दोनो ट्रैक यात्री गाडिय़ों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसकी व्यवस्था भी लगभग पूर्ण कर ली गई है। इस नई आवाजाही का कई दिनो तक ट्रायल भी लिया गया है। इस सुविधा के चालू हो जाने से यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी समाप्त हो जाएगी अन्यथा अभी तक ट्रेनों की आवाजाही में इतना व्यावधान होता था कि ट्रेने 5-5 घंटे तक विलम्ब से चल रहीं थीं। कई लम्बी दूरी की ट्रेने इस ट्रैक की असुविधा के कारण पिट जाती थीं। अब इन समस्याओं से बहुत जल्द निजात मिल जाएगी।



### पासिंग में प्राथमिकता की झंझट खत्म

कटनी बिलासपुर रेल लाइन पर कोयला व अन्य औद्योगिक समानो से लदे 110 बैगनों वाले लांगहाल और 55-60 बैगनों वाली मालगाडिय़ों की भरमार है। रेलवे के आर्थिक लाभ को देखते हुए इन गाडिय़ों की पासिंग प्राथमिकता से कराई जाती रही है। दोनो लाइनों पर चौबीसो घंटे मानो इन्ही का कब्जा रहता था। इस कारण यात्री ट्रेनों को रोक कर इन्हे निकाला जाता था। जिससे ट्रेने घंटों लेट हो जाती थीं। कई बार यात्रियों ने इसका विरोध कर ज्ञापन भी दिया था।

लेकिन रेलवे के पास भी इसका कोई विकल्प नहीं था। शहडोल स्टेशन की वर्षों पुरानी यह झंझट हमेशा के लिए खतम हो जाएगी। बताया गया कि ट्रेनों की आवाजाही को नए स्वरूप से संचालित करने के प्रयास अंतिम श्रेणी में पहुंच चुके हैं।,एक्सप्रेस ट्रेनों की आवाजाही में भी सुधार हो चुका है।

### यह है तीसरे ट्रैक की स्थिति

बताया गया कि तीसरी लाइन का पेण्ड्रा से कटनी का हिस्सा पूर्ण हो चुका है, अब केवल पेण्ड्रा से खोंसरा तक लगभग 40 किमी का हिस्सा शेष है जिसमें बहुत तेजी से काम चल रहा है। इसके पूर्ण होते ही रेल यातायात और भी फास्ट तथा सुविधाजनक हो सकेगा। पेण्ड्रा से कटनी तक इसके पूर्ण हो जाने से भी आवाजाही का काफी व्यवधान दूर हो गया है। पेण्ड्रा के बाद से यात्री ट्रेनों के लिए दोनो लाइन सुलभ रहेंगी। लांगहाल और मालगाडिय़ां अपने तीसरे ट्रैक से पार होंगी। इनकी अलग व्यवस्था रहेगी, चूंकि मालगाडिय़ों का क्राउड और उनका दबाव बढ़ता जा रहा है इसलिए तीसरा ट्रैक संचालित करना आवश्यक हो गया था। इस लाइन पर विशेषतया कोयला परिवहन किया जाता है, जिसे रोका नहीं जा सकता है। अब मालगाडिय़ों और यात्री ट्रेने सुचारू रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगी।

### रेल सुविधाएं बढ़ रहीं है

शहडोल स्टेशन में निरंतर यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रहीं हैं। वर्षों पुराने स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है और इसमें यात्रियों के टिकट, प्रतीक्षालय, कैंटीन व पेयजल आदि की सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। स्टेशन वैसे भी वर्षों पहले बी ग्रेड का दर्जा पा चुका है। इन सुविधाओं के होने और ट्रेनों की आवाजाही सुधर जाने से यात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं मिल सकेंगी। बताया गया कि स्टेशन के अंदर ट्रेनों की बोगियों के लिए डिस्प्ले, की व्यवस्था में सुधार हो रहा है तथा प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जाकर उसका एप्रोन फर्शीकरण भी किया जाएगा ताकि गंदगी की समस्या से भी निजात मिल सके। प्लेटफार्म में पुलिस गश्त बढ़ेगी, बिना प्लेटफार्म टिकट के प्रवेश लेना कठिन हो जाएगा।

# ढर्रे से भी बदतर हैं वार्ड की सड़कें, वाटर सप्लाई में दम नहीं

### बजबजाती गंदगी से नागरिक परेशान, दुर्दशाग्रस्त है वार्ड नंबर 14

**शहडोल।** 39 वार्डों वाली संभाग मुख्यालय की नगर पालिका, नागरिक सुविधाओं के संदर्भ में दिनोदिन फिसड्डी होती जा रही है। पालिका प्रशासन के अधिकारी तो निष्क्रिय हैं ही, परिषद के जनप्रतिनिधि भी कम उदासीन नहीं हैं। वार्डों में न तो साफ सफाई हो रही है और न पेयजल की सुचारू व्यवस्था हो पा रही है। नागरिक परेशान हैं, शिकायतों का निराकरण करने वाला कोई नहीं है। शहर के करीब 40 फीसदी वार्ड ऐसे हैं जहां अभी तक कचरा संग्रह वाहन नहीं पहुंच रहा है। जबकि नगरपालिका 30 रुपए मासिक दर से प्रत्येक गृहस्वामी से शुल्क वसूल रही है। नगरपालिका व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाय यथास्थिति बनाए हुए है। एसपी बंगले के पीछे से बीएसएनएल आफिस की ओर स्थित वार्ड नंबर 14 एक लंबे अर्से से बदहाली का शिकार है। कई बार नागरिकों ने मूलभूत समस्याओं की ओर नगरपालिका का ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ज्ञातव्य है कि नगरपालिका प्रशासन तो निकम्मेपन के लिए सरनाम है ही, परिषद के प्रतिनिधि भी उसी ढर्रे पर अमल करते नजर आ रहे हैं। जनसुविधाओं को सबने लगभग भुला ही दिया है।

### नालियों की सफाई नहीं

वार्ड की नालियां मलबे से पटी, बजबजा रहीं हैं, इनसे सड़ांध उठ रही है और बस्ती का वातावरण दूषित हो रहा है। मच्छरों का इतना प्रकोप है कि लोगों का घरों में रह पाना कठिन हो रहा है। यहां महीनों से सफाईकर्मी नहीं आए हैं। घरेलू कचरा भी इधर उधर सडक़ों पर फेंका जा रहा है, जिससे गंदगी बढ़ रही है। अगर यहां कचरा संग्रह वाहन सभी मार्गो पर घूमने लगे तो इधर उधर कचरा फेंकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ रास्ते तो ऐसे हैं जहां नालियों का पानी ऊपर तक आकर यहां बह रहा है, जिससे न केवल



गंदगी बढ़ रही है बल्कि आने जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि सफाई के मामले में यह वार्ड पूरी तरह से उपेक्षित है।

### वाटर सप्लाई भी नियमित नहीं

इस वार्ड में पेयजल सप्लाई की हालत ऐसी है कि नल कभी आते हैं तो कभी नहीं आते हैं। नलों से यहां नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि यह वार्ड शहर के मध्य स्थित है, बताते हैं कि यहां जयस्तंभ स्थित पानी टंकी से सप्लाई दी जाती है जो कि अधिक दूर भी नहीं है लेकिन इसके बावजूद पानी की कठिनाई है। इसके अलावा नलों में फोर्स भी बहुत कम रहता है। एक घंटे की सप्लाई में लोग मात्र चार-छह बाल्टी पानी ही ले पाते हैं। इसके अलावा यहां हैण्डपंपों की स्थिति भी ठीक नहीं है। एक तो हैण्डपंपों की संख्या बहुत कम है और फिर उनका पानी दूषित रहता है। पूर्व में नगरपालिका ने आश्वासन दिया था कि यहां की वाटर सप्लाई की जांच कराई जाएगी और उसकी गड़बड़ी को सुधारा जाएगा। लेकिन यह कदम आज तक नहीं उठाया गया, वार्डवासियों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

### सड़कें भी चलने योग्य नहीं

वार्ड की सडक़ें तो इस तरह की हैं कि उनसे अच्छे गावों के ढर्रे हैं। ऊबड़-खाबड़ जर्जर सडक़ों पर वाहन हिचकोले खाते हुए चलते हैं,आए दिन बाइक सवार गिर कर चोटिल होते हैं। एक तो बस्ती की कुछ सडक़ें पूर्व से ही जीर्ण-शीर्ण और मरम्मत योग्य थीं फिर ऊपर से सीवर लाइन के काम ने और भी हालत बिगाड़ दिया। काम समाप्त हो गया लेकिन सडक़ों में कोई सुधार नहीं हुआ। सूखे मौसम में तो केवल धूल बवण्डर ही झेलना पड़ता है, बरसात के महीने तो यहां मुश्किल से कटते हैं, बस्ती की सडक़ें दलदल सी दिखाई पड़तीं हैं। कीचड़ से भरी ऊबड-खाबड़ सडक़ पर चलना कितना कठिन और असुरक्षित रहता होगा यह अनुमान ही लगाया जा सकता है। कई बार सडक़ सुधारने के लिए नगरपालिका से कहा जा चुका है वह हर बार यही कहती रही कि सीवर लाइन के बाद वही कंपनी सुधारेगी। अब न तो कंपनी वाले दिखाई पड़ते हैं और न नगरपालिका अपनी ड्यूटी निभा रही है।

### स्ट्रीट लाइटों की भी परेशानी

इस वार्ड के कुछ खंभों की लाइट लगभग एक माह से बंद पड़ी है, नगरपालिका को सूचना दी गई लेकिन अभी तक स्ट्रीट लाइटों में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों को रात के समय आने जाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। एक तो ऊबड़-खाबड़ सडक़ें फिर ऊपर से अंधकार, ऐसे में लोगों के गिरने और दुर्घटनाग्रस्त होने की पूरी संभावना बनी रहती है। ज्ञातव्य है कि वार्ड में ट्रांसफार्मर लगे हैं और रोज सप्लाई चालू की जाती है, लेकिन कई खंभों की लाइटें नहीं जल रहीं हैं यह न तो विद्युत मण्डल बता रहा है और न नगरपालिका इसकी टोह ले रही है। एक खास बात यह भी है कि चेयरमैन भी अपने नगर के वार्डों का जायजा लेने की जरूरत नहीं समझते हैं। जहां जो समस्या है वह भले ही बनी रहे लेकिन चेयरमैन सुधारों की दिशा में कदम उठाने को उद्यत दिखाई नहीं पड़ते।

# जंगली हाथियों ने गेहूं की फसल को पहुंचाया नुकसान



**शहडोल।** जिले के वन परिक्षेत्र पश्चिम ब्यौहारी में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण और किसान दहशत में हैं। हाथियों के झुंड ने किसानों की कई एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की तीन टीमें लगातार इन हाथियों की निगरानी में जुटी हुई हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जंगली हाथियों का यह झुंड बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से भटक कर दो महीने पहले इस क्षेत्र में आया था और अब भी यहां विचरण कर रहा है। झुंड में 15 से अधिक हाथी शामिल हैं। हाल ही में ब्यौहारी क्षेत्र के सतखुरी गांव में हाथियों ने किसानों की गेहूं की खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया।

### रात में गांव पहुंचा हाथियों का झुंड

एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि सतखुरी गांव में जंगली हाथियों का झुंड बीती रात पहुंचा था। ग्रामीण उन्हें देखकर डर गए और भगाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। विभाग की एक टीम पहले से ही हाथियों के पीछे लगी हुई थी, जबकि दूसरी टीम तुरंत गांव पहुंची और ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी गई।

### तीन टीमें कर रही निगरानी

एसडीओ धुर्वे ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों की निगरानी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। जिन इलाकों में हाथियों का मूवमेंट होता है, वहां पहले से ही टीम जाकर ग्रामीणों को सतर्क कर देती है। खेतों में झोपडिय़ों में सो रहे किसानों को भी सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाता है। वहीं, जब हाथी रिहायशी इलाकों में प्रवेश करते हैं तो उनकी सुरक्षा के लिए अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी जाती है।

### किसानों को मिलेगा मुआवजा

हाथियों द्वारा किसानों की फसल को पहुंचाए गए नुकसान का पंचनामा बनाकर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वन विभाग के अधिकारी किसानों को राहत राशि दिलवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, 5 घायल

**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में गुरुवार तडक़े एक हादसा हो गया। बांका बाइपास के पास न्यू बरम बाबा के पास राखड़ से भरे तेज रफ्तार ट्रक एमपी 20 एचबी 6183 ने पहले सडक़ किनारे खड़ी बोलेरो को टक्कर मारी और फिर टायर दुकान में घुस गया। सुबह करीब 4 बजे हुए इस हादसे में बोलेरो में सवार एक ही परिवार के 5 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक को नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। तेज गति के कारण ट्रक पहले बोलेरो से टकराया और फिर सीधे राजा टायर दुकान में घुस गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

घायलों के परिजन उमेश ने बताया कि वे बड़ागांव के रहने वाले हैं। यात्रा के दौरान कुछ देर चाय पीने के लिए रुके थे। उसी समय यह हादसा हो गया। हादसे में उनकी मां, भाभी और अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चंदिया थाना प्रभारी ज्योति शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण सडक़ हादसे आम हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सडक़ पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, जिससे हादसों को रोका जा सके।

### 19 वर्ष के शंकर कोच नियुक्त



**शहडोल।** सहायक संचालक खेल (एनआईएस) फुटबॉल कोच रईस अहमद ने बताया कि शंकर दाहिया विचारपुर फुटबॉल कोच, रिलायंस शहडोल, शासकीय विशिष्ट बालक कीड़ा परिषद विचारपुर शहडोल, यहां वर्तमान में प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंफाल( मणिपुर )में 15 से 21 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 वर्ष बालक आयु वर्ग के लिए मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है। फुटबॉल टीम का कोच नियुक्त होने पर शंकर दाहिया को कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, डीआईजी सविता सुहाने शहडोल, राजीव श्रीवास्तव, बृजभूषण कामले, अजय सोंधिया दयानंद सोंधिया, अनिल सिंह, लक्ष्मी सहीस, नरेश कुंडे ,सीताराम सहिस सहित खिलाडिय़ों ने बधाइयां दी।

### ग्राम कंचनपुर के स्टॉप डैम के पास लोगों ने किया श्रमदान



**शहडोल।** जल का हम समझे मोल मिले सहज पर है अनमोल जिले में 30 जून तक चलने वाला जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के सोहागपुर विकासखण्ड के ग्राम कंचनपुर में स्टाफ डैम के पास सफाई के कार्य में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु श्रमदान किया।

**कार्यालय नगर परिषद बरगवॉ (अमलाई), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

क्र./349/25-26 **//निविदा सूचना //** दिनांक- 09/04/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_415_731_1 | Supply of tracter cum tanker deslu-dgeing vehical 3000 liter | 1. कार्य की समयावधि 15 दिन 2. कार्य लागत Rs 16.20 Lacks | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य Rs 3000.00 2. EMD- Rs 12150 | 13/05/2025 06:00 PM |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,बरगवां (अमलाई ),
जिला अनूपपुर (म.प्र.)



खबर संक्षेप

## पीओएस मशीन से की जाएगी ईके वायसी

**उमरिया।** राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों के ई के वाय सी किए जाकर दोहरे, अपात्र, साइलेंन्ट राशन कार्डो का पोर्टल से विलेपन किया जाना है,जिसके लिये माह अप्रैल 2025 में एक विशेष अभियान ग्राम पंचायत के ग्रामवार चालाया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं शहरी क्षेत्र में नगरीय वार्ड प्रभारी एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेता का दल गठन किया गया है। प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय वार्ड में शिविर लागाकर शत प्रतिशत सभी सदस्यों का पीओएस मशीन से ई के वाय सी किया जायेगा ।जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत वर्तमान में जिले में 140442 परिवारों के कुल 533099 हितग्राहियों सम्मिलित है, जिसमें से 454922 हितग्राहियों की ई के वाय सी की जा चुकी है । शेष 78177 हितग्राहियों के ई के वाय सी 30 अप्रैल 2025 तक अनिवार्यतः किये जाने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिए गए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खादय सुरक्षा के अन्तर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क राशन प्राप्त होता रहे, इसलिए सभी शेष हितग्राहियों से अपील हैं कि माह अप्रैल 2025 में उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से ई के वाय सी कराले जिससे खादयान्न प्राप्त करने में सुविधा हो ।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर जरहा में शिविर संपन्न



**उमरिया।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने बताया कि विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर जरहा में मेगा शिविर का आयोजन किया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत, मधुमेह, गठिया रोग, चर्म रोग, वी, पी आदि विभिन्न रोगों के 65 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क होम्योपैथी दवा का वितरण किया गया । इस अवसर पर डॉ, रश्मि चौरसिया सी, ए,एम, ओ तथा अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ का आवश्यक सहयोग रहा।

## किराना व्यापारी संघ का चुनाव संपन्न

**कोतमा।** नगर का व्यवसायिक संस्था आदर्श किरण व्यापारी समिति का चुनाव विगत दिनों संपन्न कराया गया जिसमें अध्यक्ष के पद पर धीरेंद्र नाहर बंटी उपाध्यक्ष अमृत गोदवानी सचिन सत्येंद्र जैन डीलू से सचिव मुकेश राजानी कोटा अध्यक्ष योगेंद्र जैन लक्की का चयन निर्विरोध रूप से किया गया । आर्दश किराना व्यापारी संघ का चुनाव हो जाने से व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है सभी ने करताल धोनी से नवीन कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए चुनाव पर्यवेक्षक भाई संजय रस्तोगी चुनाव संपन्न करवाए जाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों के सहयोग से चल रहा अवैध कारोबार

# रेत माफिया वन भूमि से निकाल रहे रेत

## सीएम हेल्प लाईन में शिकायत के बाद शिकायतकर्ता पर बनाया जा रहा दबाव

**उमरिया।** जंगल से रेत निकालकर बेचने का कारोबार भी तेजी से चल रहा है। जंगल से निकलने वाली रेत से जमकर काली कमाई की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे से रेत माफिया रेत से भरी ट्रालियों का परिवहन कर रहे हैं। इन पर रोकटोक करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में जंगल से रेत निकालकर अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जंगल से रेत निकालकर बेचने से जंगल एवं जंगली जानरवरों का अस्तित्व खतरे में आ गया है। वन भूमि से रेत निकालने के लिए जगह-जगह जंगल में खाइयां बन गई हैं। इससे पेड़-पौधो को क्षति पहुंच रही है। खुदाई के दौरान कई पेड़ जड़ों के कट जाने से सूख रहे हैं। वहीं ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन से भी वन संपदा प्रभावित हो रहे है। वन विभाग द्वारा बीट प्रभारियों और चौकी के माध्यम से जंगल और पेड़ों के संरक्षण की बात कही जाती है, लेकिन इस प्रकार की गतिविधियां वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठा रही हैं।

### यह है मामला

विकास खण्ड बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रिजर्व एरिया के जुडन्ना नाला, गेरूअहा नाला से दिन-दहाड़े रेत का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है, जंगल के भीतर तक ट्रैक्टर



ट्रालियों को रेत से भरवाकर बाजार में विक्रय किया जा रहा है। विकासखंड के जंगल क्षेत्र से प्रतिदिन रेत से भरी कई ट्रालियां निकल रही हैं। इन पर रोकटोक नहीं होने से वन संपदा का खुलेआम दोहन हो रहा है। वन विभाग अधिकारी रेत माफियाओं के साथ नजर आ रहे हैं, खनन माफिया बेखौफ जंगल में घुसकर रेत का अवैध खनन और परिवहन कर रहे हैं, जिन पर अंकुश लगाने किसी ने सुध नहीं ली है।

### शिकायतकर्ता पर बनाया जा रहा दबाव

बीते 30 मार्च को शिकायतकर्ता द्वारा सीएम हेल्प लाईन में वन विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद फूल बाई बैगा नामक वन कर्मचारी ने शिकायतकर्ता से कहा कि जांच टीम गठित हुई है, जांच के लिए टीम के साथ चलना होगा, शिकायतकर्ता 3 घंटे तक इंतजार करता रहा, लेकिन जांच टीम



नहीं आई और बाद में बता दिया गया कि अन्य कोई जरूरी काम आ गया है, इसके बाद खम्हरिया से किसी राजेन्द्र ने फोन कर शिकायतकर्ता को समझाने का प्रयास किया, आश्चर्य की बात यह है कि शिकायत वन विभाग में हुई, जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता और वन विभाग को थी, लेकिन शिकायत की जानकारी खम्हरिया पहुंच गई।

### बिगाड़ दिया स्वरूप

जुडन्ना नाला एवं गेरूअहा नाला के रिजर्व फारेस्ट से रेत निकाली जा रही है। वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इन जंगलो में लाल रेत बड़ी मात्रा में है, जिसका उपयोग भवन, सडक़ व अन्य निर्माण कार्य के लिए किया जाता है। यहां की रेत महंगी कीमतों पर दूर ग्रामीण अंचलो तक पहुंचाई जा रही है। यही नहीं शासकीय निर्माण कार्यों के लिए भी इस रेत का उपयोग किया जा रहा है। जिसे रेत का अवैध कारोबार करने वाले परिवहनकर्ताओं ने शासकीय कार्य करने वाले ठेकेदारो को यह रेत उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार वन संपदा का दुरुपयोग अवैध कमाई के लिए किया जा रहा है।

### कार्यवाही की मांग

रेत माफिया महेन्द्र-सुरेन्द्र प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण के चलते वन भूमि के जुडन्ना नाला एवं गेरूअहा नाला से अवैध रूप से रेत निकाल कर आस-पास सटी ग्राम पंचायत कुशमहा, शाहपुर, औढ़ेरा, खोल्खम्हरा में शासकीय निर्माण सहित निजी उपयोग के लिए बेच रहे हैं, इस पूरे खेल में स्थानीय वन अमले द्वारा खुलकर सहयोग किया जा रहा है, शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों द्वारा हर हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, शिकायतकर्ता ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उक्त मामले में जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की जाये।

## पटपरिहा नदी में किया गया 90 बोरियो का बोरी बंधान



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जल की एक -एक बूंद को सहेजने ग्राम पंचायतों में अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार आयोजित किया जा रहा है। अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग से मालियागुड़ा अंतर्गत पटपरिहा नदी ग्राम पंचायत तुम्मी छोट में 90 बोरियो का बोरी बंधान किया गया। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ - साथ अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार प्रदेश शासन के आव्हान पर प्रारंभ किया गया है। नवाचार के तहत नदियों में बोरी बन्धान कर पानी का संरक्षण किया जा रहा है। पानी का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है । जल के बिना मानव का जीवन अधूरा है।इस अवसर पर परिषद ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम, विजय सिंह उइके उपयंत्री जनपद पंचायत पाली टी.वी. सिंह एसडीओ जनपद पाली सदन सिंह उप सरपंच ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति सदस्य नवांकुर नगर विकास समिति नवांकुर संस्था अजय चौधरी,रवि नंदन मिश्रा सचिव, नपेंद्र सिंह रोजगार सहायक, बलराम प्रसाद द्विवेदी शिक्षक, ग्रामीणजन मान सिंह, रमेश, भगत सिंह, सोन, सुभीर बैगा, लखन यादव,मेंटर्स संजय साहू, सी एम सी एल डी पी छात्र अंजली राय ग्रामीण जन उपाथित रहे ।

## अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

उमरिया। अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय वल्लभ भोपाल के पत्र के निर्देशानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर याचिका क्रमांक में पारित आदेश के परिपालन में समस्त पात्र हितग्राहियों के ई के वाय सी किए जाकर दोहरे, अपात्र, साईलेन्ट राशन कार्डो का पोर्टल से विलोपन हेतु ई के वाय सी किया जाना आवश्यक है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत जिले में वर्तमान में 533099 हितग्राहियों सम्मिलित है, जिसमें से 454922 हितग्राहियों के ई के वाय सी की जा चुकी है। इस प्रकार 78177 हितग्राहियों के ई के वाय सी किया जाना शेष है एवं जिले हेतु दैनिक ई के वाय सी किये जाने का लक्ष्य 4115 निर्धारित है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए विकासखण्डवार कार्य की मानीटरिग हेतु जिले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति का गठन किया गया है, जिसमे अनुविभागीय अधिकारी संबंधित अनुविभाग अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (संबंधित जनपद पंचायत)सदस्य सदस्य,मुख्य नगर पालिका अधिकारी (संबंधित नगरीय क्षेत्र),कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (संबंधित क्षेत्र),सहकारिता निरीक्षक संबंधित क्षेत्र सदस्य होंगे।

गठित समिति द्वारा जिले में ई के वाय सी से शेष हितग्राहियों की संख्या के अनुसार जिले के लिये निर्धारित दैनिक लक्ष्य अनुसार निर्धारित समय-सीमा 30 अप्रैल 2025 तक गठित दल के माध्यम से शतप्रतिशत शेष पात्र हिताग्राहियों के ई के वाय सी शासन के निर्देशानुसार समय-सीमा में सुनिश्चित करायेगे एवं ई के वाय सी की दैनिक प्रगति की सतत मानीटरिंग/समीक्षा करेगे।

## उमरिया पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही



### आरोपी के घर से भारी मात्रा में अवैध शराब की जप्त

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने के लिए लगातार समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है । इसी कड़ी में थाना चंदिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये आरोपी के घर से भारी मात्रा में अवैध शराब जिसमें कुल 114.5 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब कीमती 54,730 रूपये की जप्त की जाकर आरोपी के गिरफ्तार किया गया है।

थाना चंदिया पुलिस को 9 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रोहित दर्दवंशी निवासी वार्ड क्रमांक 10 बिसहनी मोहल्ला अपने घर में भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी छिपाकर रखा हुआ है एवं जल्द ही सारा माल खुर्द-बुर्द कर सकता है यदि जल्द ही कार्यवाही की गई तो आरोपी को अवैध शराब के जखीरे के साथ पकड़ा जा सकता है । चंदिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित विधिसंगत कार्यवाही करते हुये संदेही रोहित दर्दवंशी के घर पर दबिश दी गई । संदेही रोहित दर्दवंशी के घर की नियमानुसार वीडियोग्राफी करते हुये तलाशी ली गई जिस पर घर के एक कमरे में कुल 14 खाकी रंग के कार्टून रखे मिले जिसमें देशी व अंग्रेजी शराब होना पाया गया उक्त शराब के संबंध में संदेही रोहित से दस्तावेज चाहे गये जिसके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर संपूर्ण अवैध शराब जिसमें 54 लीटर देशी शराब एवं 60.5 लीटर अंग्रेजी शराब व वीयर (कुल 114.5 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब) कुल कीमती 54730 रूपये जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना चंदिया में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है । गिरफ्तारी आरोपी का नाम रोहित दर्दवंशी पिता राजकिशोर दर्दवंशी निवासी वार्ड क्रमांक 10 बिसहनी मोहल्ला है। जप्त अवैध शराब में 6 कार्टून देशी शराब - प्रत्येक में 50 नग शीशी कुल 300 नग शीशी (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 54 लीटर, 4 कार्टून अंग्रेजी शराब ,4 कार्टून वीयर प्रत्येक में 24 केन कुल 96 केन (प्रत्येक 500 एमएल) कुल 48 लीटर ,इस प्रकार 14 कार्टून जिसमें 54 लीटर देशी, 12.5 लीटर अंग्रेजी एवं 48 लीटर वीयर जप्त की गई। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदिया निरीक्षक ज्योति शुक्ला के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक सोनालाल ठाकुर, प्रधान आरक्षक नेहरू, आरक्षक हिमांशु, राजमोहन, सौरभ, गनेन्द्र, महिला आरक्षक सीमा एवं सायबर सेल से संदीप सिंह की भूमिका रही है ।

## गिंजरी में आयोजित की जन चौपाल


**उमरिया।** जल संसाधन दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत गिंजरी में जल संरक्षण जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। युवा टीम उमरिया के सदस्य पानी के महत्व को जन-जन तक समझाने के लिए जल चौपाल का आयोजन कर रहे हैं, जिसके लिए कभी वह नुक्कड़ नाटक तो कभी जागरूकता रैली, जल चौपाल के माध्यम से लोगों को जल का महत्व समझा रहे हैं। चौपाल के माध्यम से लोगों को जल का महत्व बताते हुए इसके संरक्षण का संदेश दिया गया।लोगो को जल के सदुपयोग को लेकर जागरुक किया गया और यह तय किया गया कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।



हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौपाल में गांव के तालाबों के संरक्षण पर बातचीत हुई और जल बचाने के लिए भी हाथ आगे बढ़े। जल बचाने को लेकर शुरू जल गंगा संवर्धन अभियान की मुहिम को ग्रामीणों ने सराहा और समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि तालाबों का पानी से भरा और साफ-सुथरा होना जरूरी है, क्योंकि नदी व तालाब यदि साफ-सुथरे होंगे तो गांव की शोभा भी बढ़ेगी और बल्कि जल संरक्षण भी हो सकेगा। नदियों व तालाबों का घास-फूंस व गाद से अटा होने के कारण गांव में पानी निकासी भी बाधित होती है और जिस पानी का संरक्षण होना चाहिए, वह पानी गलियों में व्यर्थ बहता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल की बहुत अधिक किल्लत होने वाली है। इस दिशा में अभी से हम सतर्क रहें तो बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने जल स्त्रोतों को साफ-सुथरा रखने व पानी को व्यर्थ न बहने देने की शपथ दिलवाई।पानी का जिस तरीके से संकट देखने को मिल रहा है.उसको देखते हुए उनकी टीम ने जल के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जल चौपाल का आयोजन करने का सोचा, इसके लिए उन्होंने 25 गांव को निर्धारित किया, जहां पर जल चौपाल का आयोजन किया जाना है.इसमें अब तक तीन गांव में जल चौपाल का आयोजन कर चुके हैं.जिसमें वह जल का महत्व लोगों को बताते हैं, साथ ही तालाब, झील पानी के जो भी स्त्रोत हैं.उन सभी को पुनर्जीवित किस प्रकार किया जा सकता है.उसके बारे में भी लोगों को समझा रहे है। जल संरक्षण जागरूकता जन चौपाल के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती बैगा,सहायिका अनारकली बैगा, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, संजीवनी पटेल,ग्रामीण शांति बाई, अनामिका बैगा,वंदना बैगा,जानकी देवी,श्याम बाई, काजल बैगा,रामवती बैगा,रवीना बैगा,कामिनी बैगा,उमा बैगा,कंचन बैगा,करिश्मा बैगा व सभी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी हनुमान जयंती







### तैयारियां अंतिम चरणों में, दिखेगी एकता की मिसाल

**अनूपपुर।** हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी वार्ड क्रमांक एक स्थित प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में अंतिम चरणों में है।जहां पर दिन-रात सभी वर्ग लगकर तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं।हनुमान जन्मोत्सव पर हिंदू,मुस्लिम एकता की मिसाल देखते ही बनेगी। धर्म प्रेमी आशीष त्रिपाठी ने हनुमान जन्मोत्सव को एक नई मिसाल देने के लिए नवयुवकों की टीम तैयार की है।जिसमें हिंदू,मुस्लिम,सिख,इसाई हम सब हैं भाई- भाई यह हनुमान जन्मोत्सव में देखने को मिलेगा।नगर का युवक इरशाद मंसूरी भी तैयारी को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। धर्म प्रेमी आशीष त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में हनुमान जन्मोत्सव को इस बार नया रंग देने की कोशिश की जा रही है।जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।उन्होंने कहा कि श्री शिव मारुति मंदिर समिति (सामतपुर)अनूपपुर तो कार्य कर ही रही है। लेकिन सभी की सहभागिता से हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अनूपपुर जिला मुख्यालय के लिए यादगार बनना चाहिए। ज्ञातव्य हो कि इस बार 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन होने जा रहा है।यह भव्य उत्सव 12 अप्रैल को श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर,अनूपपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुताबिक शुभारंभ आरती श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर)में होगी एवं समापन आरती बस स्टैंड में की जाएगी।जहां सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी,नागरिक गण उपस्थित रहेंगे।

शोभा यात्रा की भव्यता बनेगी आकर्षण का केंद्र इस भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आस- पास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी।जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा,भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी।इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। इस भव्य कार्यक्रम में पूरा अनूपपुर शामिल रहेगा। इस महा योजना को देखते हुए पूरे अनूपपुर में विशेष तैयारी की जा रही है।12 अप्रैल को जिले भर के बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।ताकि सभी लोग इस भव्य शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।प्रातः 9.00 बजे विशेष पूजा, 12.00 बजे से भंडारा, 4.00 बजे से भव्य शोभा यात्रा,बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन,राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

### जिले में हर्षोल्लास का माहौल

हनुमान जन्मोत्सव के इस तैयारी से जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है।भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके। अनूपपुर जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर द्वारा निवेदन किया गया है कि यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## अमरकंटक में बिजली की आंख मिचोली

### शाम होते ही बिजली करने लगती है परेशान

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक विगत एक सप्ताह से बिजली का रोना बना हुआ है। शाम होते ही अमरकंटक की बिजली अपना रंग दिखाना शुरू कर देते हैं कम से कम दो-तीन घंटे में एक दर्जन से भी अधिक बार बिजली गुल होती है आती है जाती है और बिजली आंख मिचोली का खेल खेलती है इससे आम जन मानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इतना ही नहीं इससे विद्युत के साजो सामान मे विपरीत प्रभाव पड़ रहा है साथ ही शाम को होने वाले व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ता है इतना ही नहीं पर्यटक तीर्थ यात्री भी परेशान हो रहे हैं । अचानक हो जाने वाले बिजली के गुल होने से पर्यटक तीर्थ यात्री भी गिर पड़ रहे हैं । पश्चिम बंगाल हावड़ा से आए पर्यटक तीर्थ दंपति सुब्रतो बोस एवं उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए अशोक सिंह जो अपने 10 साथियों के साथ पर्यटन स्थल तीर्थ स्थल का भ्रमण करने हेतु आए हुए हैं स्थानीय आश्रम में ठहरे हुए हैं जिन्होने कहा कि यहां अमरकंटक में बिजली का ऐसा ही खेल होता है क्या हम लोग तो सोच रहे थे कि यहां 24 घंटे की सुचारू बिजली मिलती है परंतु शाम होते ही बिजली कई बार गुल होती है हम तो परेशान हो गए कई बार गिरते गिरते बचे हैं। घुप्प अंधेरा होने से हमारे कई साथी गिर गए संयोग अच्छा रहा कि कुछ गंभीर हुआ नहीं अन्यथा गंभीर घटना हो जाती तो क्या करते। हमारा राज्य शासन एवं जिला प्रशासन विनम्र अनुरोध है कि पवित्र नगरी अमरकंटक की बिजली व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करवाएंगे ताकि पर्यटक तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो तथा इस अब व्यवस्था खामियाजा न भुगतना पड़े तथा इस विषय में गलत संदेश बाहर जाए। अमरकंटक के स्थानीय नागरिकों जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन स्थानीय प्रशासन तथा विद्युत विभाग से बिजली की आंख मिचोली को रोकने के लिए तत्काल आवश्यक एवं ठोस कार्यवाही की मांग की है ताकि आने वाले पर्यटक तीर्थ यात्री भक्त श्रद्धालु गण ग्रीष्म काल में अनावश्यक परेशान ना हो तथा यहां का पर्यटन व्यवसाय प्रभावित न हो ऐसी दुरुस्त व्यवस्था करावे।

## खबर संक्षेप



### आधार केंद्र में नेटवर्क की समस्या से बढ़ी परेशानी

**बरही।** नगर के न्यू बस स्टैंड में संचालित आधार सेंटर में काफी दिनों से नेटवर्क की समस्या बनी हुई है जिसके चलते आज दिनांक तक आधार सेंटर ओपन नहीं हो पा रहा हैं। टेक्निकल टीम ध्यान नहीं दे रही है। महिला कर्मचारी को आधार मशीन चालू करने के लिए 3 किलोमीटर दूर तहसील में जाकर चालू करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। महिला कर्मचारी नीतू चौधरी अपने बच्चों को लेकर यहां से वहां भटक रही हैं। टेक्निकल टीम इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की गई है जिससे आधार सेंटर में काम सुचारू रूप से चालू हो सकें।

### नवरात्रि के समापन में जवारों का निकला जुलूस


**गनियारी।** ग्राम अंतरवेद गनयारी स्थत चार मंदिरों में चैत्र नवरात्रि पर पर्व पर गत दिवस जवारों का विसर्जन किया गया। सिंह वाहिनी बिजोरा मंदिर में 32 कलश, तालाब पर विराजमान कलेही मंदिर में 56 कलश, चकवा दिवाले मंदिर में 35 कलश, आदिवासी मोहल्ले में 25 कलश बोए गए थे। ग्राम अंतर्वेद गनयारी में जावारों को विसर्जित करने के लिए निकाले गए जुलूस में महिलाएं अपने सिर पर जवारे लेकर चल रही थी। जगह जगह भक्तों द्वारा पूजन अर्चना की गई। जवारा विसर्जन का सिलसिला शाम चार बजे से रात्री तक चलता रहा है। कसाव बस्ती ग्राम अंतर्वेद में 148 कलश जावारे का विसर्जन तालाब में किया गया। चल समारोह में पंडा से भाव खेलते हुए चल रहे थे वहीं भक्तों ने बाना लिया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### नरवाई जलाने पर माधवनगर थाना में दर्ज हुई एफआईआर

**कटनी।** जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश के बाद बुधवार को पहाड़ी निवासी मनोज सिंह के विरूद्ध माधवनगर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। हलका पटवारी पंकज विश्वकर्मा ने पुलिस को दिये प्रतिवेदन, पंचनामा के माध्यम से अवगत कराया कि खसरा नंबर 160/3 में मनोज सिंह पिता विजय सिंह निवासी पहाड़ी ने नरवाई जलाकर कलेक्टर श्री यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया है। प्राथमिकी में नरवाई जलाने से पर्यावरणीय दुष्प्रभावों और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं का उल्लेख किया गया है। जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध दर्ज की गई यह अब तक चौथी प्राथमिकी है। इस प्रकार अब तक नरवाई जलाने वाले 6 किसानों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है।

### अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने पर 45 हजार का जुर्माना

**कटनी।** खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत दही का नमूना अवमानक पाये जाने और कुकीज एवं तिल लड्डू का नमूना मिथ्याछाप पाये जाने पर तीन संस्थानों के विक्रेता संचालकों के विरूद्ध अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। खाद्य पदार्थ के अवमानक व मिथ्याछाप मिलने के इन तीन मामलों को मिलाकर कुल 45 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 6 सितंबर 2023 को माधवनगर स्थित डरबी होटल एण्ड रेस्टोरेंट पहुंचकर खाद्य पदार्थ दही और पनीर का नमूना लिया। जांच में दही के नमूने को अवमानक घोषित कर दिया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते ने कार्यवाही करते हुए विक्रेता जेठानंद बलवानी के विरूद्ध 15 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित कर दिया है। इसी प्रकार दो अन्य मामले में सुनवाई करते हुये न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती परस्ते ने मिथ्याचाप खाद्य पदार्थ पाये जाने के कारण 15 हजार रूपये का जुर्माना किया गया।



## 12 को श्री हनुमान जन्मोत्सव,13 अप्रैल को भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन

# पहली बार होंगे पंजाब की जीवंत झांकियों के दर्शन



श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम सरईकापा में इस वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। हनुमान मंदिर समिति सरईकापा के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 12 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह पूजन, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

धनपुरी।

यह आयोजन नवनिर्मित भव्य दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा।श्री महंत जी मार्गदर्शन जन्मोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता राम जानकी मंदिर बुढार के महंत श्री राम बालक दास जी करेंगे। इस शुभ अवसर पर समिति के सदस्य बृजवासी अग्रवाल, राजू अग्रवाल, अरुण शर्मा, विजय मिश्र, राजेश अग्रवाल, राम बिहारी द्विवेदी सहित बुढार,धनपुरी,सरईकापा व आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।जगराता कार्यक्रम इसके पश्चात 13 अप्रैल 2025, दिन रविवार को शाम 7:00 बजे से भव्य संगीतमय जगराता का आयोजन भव्य आयोजन हनुमान मंदिर, सरईकापा प्रांगण में किया जाएगा। इस जगराता कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि पहली बार श्रद्धालु पंजाब की जीवंत झांकियों के दर्शन कर सकेंगे।पहुंचे अपील जाने-माने कलाकारों की भक्ति संगीत प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धनपुरी, बुढार, कोयलांचल, छिरहटी, राजेंद्रा कॉलोनी, सिरौजा, बंड़ी, खैरहा एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।सहभागी बने हनुमान मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें और भक्ति भाव में सहभागी बनें।

# धनपुरी काली मंदिर में भक्तिमय आयोजन

## माँ काली के आशीर्वाद से हुआ विशाल भंडारा





### चैत्र नवरात्र का समापन

धनपुरी।

मां काली मंदिर विलियस नंबर 1,वार्ड नंबर 5 – धर्म, आस्था और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित इस पावन भूमि में दिनांक 9 अप्रैल को शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माँ काली के आशीर्वाद से वार्ड वासियों और नगर वासियों द्वारा प्रसाद ग्रहण की धूम मच गई। भक्तगण श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण करते रहे, जिससे कार्यक्रम में और भी जान आ गई।चैत्र नवरात्रि की धार्मिक रोमांचक शुरुआतचैत्र नवरात्रि की पावन परंपरा को ध्यान में रखते हुए काली मंदिर में माँ काली का विशेष सिंगार संपन्न किया गया। जावरा कलश की स्थापना के साथ ही, मंदिर परिसर में नौ दिनों तक हर शाम 8:00 बजे म्यूजिक सिस्टम से विशेष आरती का संगीत बजाया गया। यह संगीत वातावरण को और भी मधुर तथा भक्तिमय बना देता था, जबकि मंदिर की 100 साल पुरानी भव्य मूर्ति स्वयं में ही आकर्षण का केंद्र बनी रही।नवीन पूजा-पाठ एवं जवारा जुलूस का रंगीन संगमवार्ड नंबर 5 के पार्षद एवं काली मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री एस.पी. सिंह के नेतृत्व में विशेष पूजा समिति ने नौ दिनों तक निरंतर पूजा-पाठ किया। नवरात्रि के अंतिम दिन, यानी 7 अप्रैल को, काली मंदिर से माँ के जवारा जुलूस की शुरुआत हुई। डेकोरेशन और काली नृत्य की धूमधाम के साथ यह जुलूस माँ ज्वालामुखी मंदिर तक पहुंचा, जहां भक्तों द्वारा जावरा का विसर्जन करते हुए धार्मिक उत्साह चरम पर पहुंचा।विशाल भंडारा एवं प्रसाद ग्रहण समारोह9 अप्रैल को काली मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में शाम 4:00 बजे से लेकर मध्यरात्रि 12:00 बजे तक भक्तों ने माँ काली के आशीर्वाद के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में नगर के सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हुए, जिन्होंने भव्य आयोजन में अपनी श्रद्धा एवं सहभागिता जताई। सहयोग अपेक्षा आभार प्रगट समिति के अध्यक्ष एसपी सिंह ने नगर पालिका प्रशासन पुलिस प्रशासन व नगर वासियों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों को आभार प्रकट धन्यवाद ज्ञापित किया आगे भी ऐसी ही सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।



## रामपुर के किसानों ने जिले के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**अमलाई।** रामपुर के किसानों ने जिले के अधिकारियो को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। बताया कि रामपुर के प्रभावित किसानों द्वारा समय समय पर अपनी मांग रखी गई एवं ज्ञापन सौंपे गए है उनकी मांगों को एसईसीएल द्वारा लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इसी आस में किसानों ने जिले के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। शहडोल जिला मुख्यालय पहुंचकर किसानों ने अपर कलेक्टर एवं अमलाई थाना सहित एसईसीएल को सौंपे ज्ञापन में मुख्य रूप से किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर बेलिया के प्रभावित किसानों को वर्ष -2011 में भूमि का नोटिस दिया गया किन्तु पेड़ पौधों का नोटिस पूरा नही दिया गया और जो नोटिस दिया उसका मुआवजा पूरा नही दिया गया रोजगार हेतु आश्रितों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है व पूर्व में हुए समझौतों के अनुसार किसानों को संतुष्ट नही किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य मांगों को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा है। बताया कि उनकी मांगों को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष एसईसीएल द्वारा किये समझौतों में आस्वस्त किया गया किन्तु उन समझौतों को अमल में नही लाया गया। किसान आज भी एसईसीएल कार्यालय के चक्कर काट रहे है। रामपुर बटुरा के किसानों द्वारा आवेदन किये के बाद बिलासपुर मुख्यालय द्वारा सेक्शन 9(1) के लिए आदेशित किये जाने के बाद भी एसईसीएल सोहागपुर द्वारा नही माना जा रहा है। रामपुर निवासी एवं उपसरपंच राजाराम मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की एसईसीएल के इस प्रकार के रवैये से ग्रामीण परेशान हो चुके है और कई मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है।

## सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली गई रैली, वक्ताओं ने जीवन पर डाला प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में सम्राट अशोक महान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाइक रैली गुलमोहर गार्डन नदी पार से शुरू होकर शहर का भ्रमण करते हुए, अंबेडकर पार्क एन के जे पहुंची, रैली में मनमोहक झांकी भी निकाली गई।

अंबेडकर पार्क में सम्राट अशोक स्तंभ पर पुष्पवर्षा की गई तत्पश्चात संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली का समापन हुआ। रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक जन, युवा व महिलाओं की उपस्थिति रही।

संबोधन में उपस्थित वक्ताओ ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्राट अशोक महान ऐसे राजा थे जिनके राज में किसी का शोषण नहीं होता था, जिनका राज संपूर्ण ऐशिया में था और उनका शौर्य इतना था कि उन्होंने तलवार से दुनिया को जीता और अत्याचारियों का संघार किया, तब उन्हें सम्राट अशोक कहा जाता था परन्तु जब वे तथागत गौतम बुद्ध के करूणा, शील , मैत्री के भाव से प्रभावित होकर उन्होंने तलवार को त्याग कर पूरी दुनिया में दया और मित्रता परोसी तो उन्होंने पुनः दुनिया को प्रेम के दम पर जीत लिया तब सम्राट अशोक महान के नाम से जाना जाने लगे। सम्राट अशोक महान ने अपने शासन काल में हजारों स्तंभ स्थापित किये जिसमें चारों दिशाओं की ओर मुंह किये हुए शेर दिखाई पड़ते हैं!

आजादी के बाद भारत सरकार ने प्रशासनिक कामकाज में, नोट पर एवं सेना पर सर्वोच्च सम्मान के लिए अशोक स्तंभ को स्मृति चिन्ह बनाया, भारत का राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ है।

कार्यक्रम में एपी मौर्या जिलाध्यक्ष मौर्य कुशवाहा समाज , ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष बी के पटेल, यदुवेंद्र यादव प्रदेशाध्यक्ष सपा, ज्ञान्ती मौर्या जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा ( महिला विंग) प्रदीप कुशवाहा प्रभारी ओबीसी महासभा, राम सरोवर कुशवाहा कार्यकारी जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा आदि की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# अजाक्स संघ ने रखीं अपनी मांगें

बिरसिंहपुर पाली



उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में अजाक्स संघ (अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ) ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव और अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ भेदभावपूर्ण रवैया बंद किया जाए और उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।ज्ञापन में कहा गया कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लगातार प्रशासनिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। संघ का आरोप है कि इन वर्गों के लोगों के खिलाफ निराधार और झूठी शिकायतें कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही, विभिन्न विभागों में जानबूझकर षड्यंत्रपूर्वक आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।संघ की प्रमुख मांगे1. नवीन पदोन्नति नियम लागू किया जाए – सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप नए पदोन्नति नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग की गई।2. बैकलॉग की पूर्ति – अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के रिक्त बैकलॉग पदों की भर्ती के लिए शीघ्र विज्ञापन जारी कर प्रक्रिया पूरी की जाए।3. आउटसोर्सिंग में आरक्षण लागू हो – ठेका पद्धति या आउटसोर्सिंग में आरक्षण अधिनियम 1994 के तहत आरक्षण का पालन सुनिश्चित किया जाए।4. वरिष्ठता का सम्मान – आरक्षित वर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पद के अनुसार जिम्मेदारी दी जाए और कनिष्ठों को वरीयता देने की प्रक्रिया रोकी जाए।5. छात्रवृत्ति समय पर वितरित हो – अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर दी जाए।6. पुरानी पेंशन योजना लागू हो – मध्यप्रदेश के लोकसेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करने की मांग।7. आदिवासी इलाकों में सड़क निर्माण – उमरिया जिले के पाली विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए।8. भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई – पाली विकासखंड में 2.60 करोड़ रुपये की शासकीय राशि की कथित हेराफेरी की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।अजाक्स संघ ने दी आंदोलन की चेतावनीसंघ ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है, जबकि इनमें से कई मांगे वित्तीय भार के बिना ही लागू की जा सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो उन्हें व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष प्रीतम कोल, जिला महा सचिव रामनरेश प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार, छात्र संघ (SC/ST)जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, उमेश सिंह मार्को, संतोष मानिकपुरी, कृष्ण कुमार पाटकर, कमलेश सिंह, दुर्गेश कोल उपस्थित रहे।

# 16 तक नहीं हुआ कार्य प्रारंभ तो 17 अप्रैल को पटना तिराहे में देंगे धरना

पुष्पराजगढ़ के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने बताया कि विगत कई वर्षो से लंबित पटना सरई मार्ग लम्बित है जिसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया





अनूपपुर।

16 अप्रैल तक पटना करपा सरई केलमनिया रोड के निर्माण कार्य प्राम्भ नहीं किया जाता तो जिला कांग्रेस कमेटी क्षेत्रीय विधायक फुन्देलाल की मौजूदगी में ग्रामीण क्षेत्रवासियों के साथ लामबंद होकर पटना तिराहे पर धरना प्रदर्शन करेंगे बताया गया की पटना करपा सरई केलमनिया रोड के निर्माण के संबंध में वर्ष 2019 में टेंडर पास हुआ था, परंतु कोविड के कारण कार्य प्रारंभ नही किया जा सका और पुनः वर्ष 2022 में पटना करपा सरई केलमनिया रोड का टेंडर पास हुआ निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा एमपीआरडीसी को लिखित आश्वासन दिया गया कि 30.06. 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, परन्तु निर्माण एजेंसी के द्वारा लगभग 03 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाली पश्चिमी क्षेत्र का एक मात्र मुख्य मार्ग है इसकी लम्बाई लगभग 70 किलो मीटर है जो आम नागरिकों को तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थाना व अन्य विभागों में प्रत्येक दिन आम लोगो का आना-जाना लगा रहता है। रोड की दयनीय स्थिति होने के कारण अपातकालीन सेवा 108, 100 डायल करने पर रोड खराब होने का हवाला देकर उक्त रोड में जाने के लिए मना कर देते है।

## पांच माह पूर्व विधायक ने किया था धरना प्रदर्शन

उक्त अधूरे मार्ग को शीघ्र पूर्ण कराने को लेकर पांच माह पूर्व पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिस पर मध्यप्रदेश सडक निर्माण विभाग निगम लिमिटेड शहडोल के प्रबंधक द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया था कि 01.12.2024 से कार्य पुनः प्रारम्ण कर दिनांक 30.06.2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा परन्तु 05 माह बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया।

## एमपीआरडीसी ने लिखित में दिया था आश्वासन

संदर्भित पत्र एमपीआरडीसी शहडोल कार्यालय का पत्र क्र. 1737/ शहडोल /विविध/ संदर्भित पत्र के माध्यम से लिखित रूप में समय-सीमा दिनांक 30.06.2025 तक की समयावृद्धि चाही गई, परन्तु यह देखने में आया है कि रोड का निर्माण कार्य आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है जबकि कार्य पूर्ण करने की अवधि मात्र 03 माह शेष है। जिससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। यदि 16.04.2025 तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो फुन्देलाल सिंह मार्को विधायक पुष्पराजगढ़ की उपस्थिति में 17.04.2025 को पटना तिराहा में घरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# मुख्य मार्केट की शराब की दुकान हटाने हाईकोर्ट का निर्णय दुकान संचालक की याचिका को किया निरस्त




अनूपपुर।

जबलपुर हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक पांडे ने बताया कि रेलवे स्टेशन अनूपपुर के समीप परमट में संचालित कम्पोजिट नं.-1 की दुकान को विभाग को अन्यत्र कहीं संचालित करना होगा क्योंकि जबलपुर हाई कोर्ट ने उक्त दुकान के संबंधित निविदाकार की याचिका निरस्त कर दी है। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 3 के निवासी डॉ. मुस्ताक मंसूरी ने अनूपपुर में लॉक उपयोगी कानून के तहत उक्त शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए वाद चलाया था जिसका फैसला जिला सत्र न्यायाधीश ने वहां के निवासियों के पक्ष में देते दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने का 5 आदेश दिया था। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 में वार्ड क्रमांक 5 के शासकीय भवन में शराब दुकान संचालित थी, जिसके संबंध में अनूपपुर नगर पालिका वार्ड क्रमांक 3,4,5 के निवासियों द्वारा प्रार्थी के माध्यम से स्थायी जन उपयोगी अदालत में परिवाद दायर किया गया था। यह कि उक्त शराब दुकान से वार्डवासियों को आपत्ति थी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शराब दुकान के संचालन हेतु जारी दिशा निर्देशों के विरुद्ध थी, जिसे स्थानांतरित करने की मांग आवेदक द्वारा की गयी थी। जिसके पश्चात 07/09/2021 को स्थायी जनोपयोगी लोक अदालत अनूपपुर द्वारा लोक प्रकरण क्रमांक-04/2020 के माध्यम से उक्त शराब दुकान को हटाये जाने का आदेश पारित किया गया था, जिसके पश्चात शराब दुकान संचालक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका संख्याा 12665/2024 प्रस्तुत की गयी थी, जिसमें वास्तविक तथ्यों को छिपाया गथा था। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी अनूपपुर द्वारा दी गयी जानकारी क्रमांक आब सूचना के अधिकार /2024/1027 दिनांक 24 जुलाई 2024 के तहत जानकारी प्रदान की गयी कि वार्ड क्रमांक 5 में आबकारी विभाग की भूमि पर बने भवन में देषी विदेषी मदिरा दुकान संचालन हेतु वर्तमान में कार्यालय द्वारा कोई भी दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया था। चूंकि उच्च न्यायालय द्वारा मदिरा दुकान संचालक के पक्ष में स्थगन प्रदान किया गया था, इसलिए अंतिम सुनवाई तक मदिरा दुकान संबालक ने उक्त दुकान को संचालित किया। 01/04/2025 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या 12665/2024 निरस्त कर दी गयी है। इस फैसले के बाद आवेदक डॉ. मुस्ताक मंसूरी ने जिला कलेक्टर को एक आवेदन पत्र भेजकर उच्च न्यायालय द्वारा पारित स्थगन आदेश की जानकारी देते हुए यह मांग की है कि शासन के दिषा-निर्देषों की दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थान पर शराब दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन उच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद क्या रुख इखितयार करता है, दुकान को अन्यत्र संचालित करते हैं या पुनः नए निविदाकार को न्यायालय जाने का समय देते हैं। वार्ड वासियों को उक्त शराब से निजात मिलती है की यह तो आने वाला समय ही बताएगा। क्योंकि उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में इस बात उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ता सुनवाई में शामिल नहीं हुआ था इसलिए एक पक्षीय आदेश करते हुए याचिका निरस्त की जाती है। अब चूंकि उक्त दुकान का संचालक नया निविदाकार कर रहा है, तो हो सकता है कि अभी दुकान स्थानांतरण में और समय लग सकता है।

## हादसे के बाद चौकन्नी हुई पुलिस क्या बेलगाम तीन पहिया ऑटो पर लगाम लगा पायेगा प्रशासन

**अनूपपुर।** विगत दिनों किरर घाट पर हुये सड़क हादसे में तीन लोग काल के गाल में समा गये वही पांच लोग जिंदगी मौत से जूझ रहे है वही दूसरी ओर जिले भर में बगैर दस्तावेजों के बेलगाम दौड़ रहे तीन पहिया सवारी ऑटो जिसमे ठूस ठूस कर क्षमता से कई गुना ज्यादा सवारियों को बैठाकर लटकाकर उनके जान से खिलवाड़ किया जाता है जिनका कोई जांच परख न होना नियमों की अनदेखी के कारण आये दिन कोई ना दुर्घटना घटित होते रहता है। इन दिनों अनूपपुर जिले में तीन चकिया सवारी ऑटो की बाढ़ सी आ गई जिसमें मनमाने तरीके से नियमों को ताक में रख कर ऑटो चालक क्षमता से अधिक संख्या में सवारी बैठाना माल ढुलाई करना, बिना कागजों के सड़को में बेलगाम दौड़ना अब आम बात हो गई है जिस पर किसी भी जिम्मेढार की नजर नहीं पड़ती।



**अभियान चलाकर कसा जा सकता है शिकंजा-** जिले भर के अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़ में दौड़ रही तीन पहिया सवारी ऑटो पर सभी थानों में अभियान चलाकर वाहनों के दस्तावेज खंगाले जाये वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस चेक किया जाकर चालानी कार्यवाही किया जाय तो निश्चित ही सुधार हो सकता है। जिले में सैकड़ो ऑटो बगैर दस्तावेज के पुलिस थानों के सामने से चारो ओर सवारी लटका कर बेखौफ निकल जाते है जिसे रोकने टोकने वाला कोई नही होता जिसके फ्रस्लस्व वर्ष भर में ना जाने कितनी मौते हो जाती है।

**क्या कहता है यातायात का नियम-** जब कि नियमतः तीन पहिया वाहनों की पासिंग 3+1 की होती है जिसका रजिस्ट्रेशन बीमा वाहन चालक का बैध ड्राइविंग लाइसेंस प्रदूषण नियंत्रण (PUC) प्रमाणपत्र दस्तावेजों के साथ चालक का आधार कार्ड मोबाइल नंबर के साथ वर्दी भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो तो उक्त ऑटो चालक और वाहन के दस्तावेजो के आधार पर पता ठिकाने की शिनाख्ती की जा सके साथ ही सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करना अनिवार्य है जिस पर पुलिस प्रशासन यातायात पुलिस को ठोस कदम उठाना चाहिये। परंतु अनूपपुर जिले में जब भी कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो आनन फानन में कुछ दिनों के लिये प्रशासन जाग जाता है और कुछ एक पर कार्यवाही कर शक्रियता होने की मिसाल पेश कर अपनी ही पीठ थपथपा कर अखबार की सुर्खियां बटोरता है।

### इनका कहना है

शनिवार को ऑटो चालकों की मीटिंग बुलाई गई है जिसमे सड़क दुर्घटना रोकने एवं सुरक्षा के उपायो के बारे में जानकारी दी जायेगी।
**ज्योति दुबे यातायात प्रभारी अनूपपुर**

आज जिला मुख्यालय में बस ऑपरेटरों की बैठक की गई है शीघ्र ही सभी थानों में ऑटो चालकों की भी बैठक बुलाई जाने के लिये निर्देशित किया जाएगा।
**इसरार मंसूरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**




## कोयलांचल क्षेत्र में सूदखोरों का बढ़ता आतंक कालरी कर्मचारी के एटीएम, पासबुक, चेकबुक रहते हैं गिरवी

**कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र के भालूमाड़ा, जमुना, पसान, लहसूई, कोतमा में सूदखोरों का आतंक एवं गिरोह लंबे समय से फैला हुआ है। कॉलरी श्रमिकों के शोषण करने की शिकायतें आए दिन पुलिस तक पहुंचती रहती है। पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर सूदखोरों के आतंक को कम करने एवं कठोर कार्यवाही को लेकर समय समय पर अभियान भी चलाती है, किन्तु फिर भी कुछ रसूखदार सूदखोर कार्यवाही के चंगुल से बच निकलते है। कोयलांचल में इनका बड़ा नेटवर्क है जिनके जाल में हर दूसरा कॉलरी मजदूर कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। सूदखोर मेहनत की गाढ़ी कमाई को हड़प रहे हैं। नए मामले में भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम भाद निवासी तीरथ सिंह पिता मिलन सिंह से जुड़ा हुआ है जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। जिसमें भालूमाड़ा 3 नंबर दफाई निवासी पर 15 प्रतिशत ब्याज मे पैसा देने की आड़ में एटीएम, पासबुक गिरवी रख लाखों रुपए ठगी करने का आरोप लगाया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सूदखोर द्वारा ब्याज पर पैसे देने की एवज में पिता स्व. मिलन सिंह का एटीएम कार्ड,बैंक पासबुक को गिरवी रख लिया गया। बैंक पासबुक एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज वापस कर दिया जाएगा। पिता के मासिक वेतन से 5 से 10 हजार रूपये घरेलू खर्च के लिए देकर बाकी की शेष राशि एटीएम कार्ड के माध्यम से कई माह तक निकालता रहा। सूदखोर द्वारा लगातार मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित उत्तरप्रदेश के अलग अलग जिलों के एटीएम से लाखों रूपये की राशि ब्याज के नाम से हड़पता रहा। शिकायतकर्ता तीरथ सिंह ने सूदखोर रामराज पर गंभीर एवं प्रमाणित आरोप लगाते हुए बताया कि पिता के खाते से स्वयं के खाते में भी दस हजार रूपये का ट्रांसफर किया गया एवं पत्नी के खाते में भी पैसे लिया गया। पूरे परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा है। सूदखोर द्वारा चार पहिया वाहन में बैठाकर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जमुना से नौ लाख रूपये बैंक से निकलवाकर अपने चार पहिया वाहन में बैठाने के बाद नगद 9 लाख रूपये उधारी के नाम पर अपने पास रख लिया गया और उधारी की संपूर्ण राशि साल भर के अंदर वापस करने की बात कही गयी।

# प्रतिबंध के बावजूद हाईटेंशन लाईन के नीचे बेधड़क बन रहा मकान

## दर्जनों नोटिस के बावजूद धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी, प्रशासन उदासीन




अनूपपुर।

नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 9 में हाईटेंशन 220/132 केव्ही टॉवर लाइन के नीचे अवैध निर्माण पर नगर पालिका राजस्व सहित जिला प्रशासन ने चुप्पी साधी हुई है। उक्त स्थल पर भवन निर्माण के लिए कई बार नपा सहित जिला प्रशासन ने रोक लगाई है। बावजूद इसके भवन स्वामी द्वारा अवैध निर्माण कार्य को बार-बार धीमी गति से करते हुए खुलेआम दुर्घटनाओं को निमंत्रण देते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि पूर्व में हाई टेंशन लाईन के नीचे अवैध तरीके से भवन निर्माण के दौरान मुख्यालय में बिजली के झटका लगने या कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो चुके है। जो दुर्घटनाएं जिला मुख्यालय में चिंताजनक रही, फिर भी संबंधित विभाग नगर पालिका अनूपपुर, राजस्व विभाग और कार्यपालन यंत्री म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी अनूपपुर द्वारा शहर भर में एचटी तारों के नीचे अवैध रूप से निर्माणाधीन इमारतों में काम कर रहे मजदूरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### यह है मामला

नगर के वार्ड 9 में राय ऑयरन ट्रेडर्स के बगल से किरण सोनी पिता बिहारीलाल सोनी द्वारा अति उच्चदाब 220/132 केव्ही लाईन के नीचे प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध तरीके से भवन का निर्माण कराया रहा है। जिसको लेकर नपा अनूपपुर द्वारा म.प्र. नपा अधिनियम 1961 की धारा 187 के तहत दर्जनों नोटिस जारी करते हुए कई बार निर्माण कार्य को बंद कराते हुए पंचनामा तैयार कर निर्माण सामग्री को जब्त किया जाकर उक्त निर्माण कार्य को तत्काल तोड़ने का आदेश दिया गया। वहीं तत्तकालीन कलेक्टर द्वारा भी उक्त प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण नही किये जाने वा उस पर रोक लगाये जाने नपा को निर्देश जारी कर काम बंद करवाया गया था।।

### आधी रात शुरू होता निर्माण कार्य

जानकारी के अनुसार अजय सोनी एवं किरण सोनी द्वारा उक्त प्रतिबंधित क्षेत्र में फिर एक बार अवैध तरीके से भवन निर्माण का कार्य जोरो पर शुरू कर दिया गया है। जहां 7 एवं 8 अप्रैल को भवन निर्माण कार्य आधी रात से प्रारंभ कर दिया गया है। जो सुबह 3बजे से 4 बजे तक निर्माण कार्य को करवाते हुए जिला प्रशासन के आंखों में धूल डालने का कार्य किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण पर नगर पालिका अनूपपुर की मौन स्वीकृति दिये हुये है। जबकि इस अवैध भवन निर्माण पर रोक लगाए जाने के लिए 15 मई को कार्यपालन यंत्री म.प्र. विद्युत वितरण केन्द्र अनूपपुर को भी पत्र लिखा गया , लेकिन अब विद्युत विभाग के तरफ से भी कोई कार्यवाही नही की गई।

### नपा सहित जिला प्रशासन उदासीन

शहर के निवासियों के जीवन के प्रति नगर पालिका की घोर उदासीनता सामने आई है, जहां नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 9 के उक्त अवैध भवन निर्माण को रोकने के लिए सिर्फ पंचनामा नोटिस जारी कर अपनी कागजी कोरम पूरा किया गया है। नगर पालिका अनूपपुर द्वारा 8 मई को किरण सोनी पिता बिहारीलाल सोनी को हाईटेंशन टॉवर लाईन के नीचे से अवैध निर्माण को रोकने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसमें 24 घंटे के अंदर अवैध निर्माण को तोड़कर निकाय को सूचित करने अन्यथा उक्त अवैध निर्माण को नपा द्वारा तोड़ने की कार्यवाही तथ होने वाली खर्चे की वसूली बकाया राजस्व की भांति की जाने का नोटिस दिया गया। लेकिन सिर्फ दिखावे के नोटिस के कारण उक्त अवैध भवन का निर्माण मकान स्वामी द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी की गाड़ी से सरेराह 1 लाख रुपए पार

**कोतमा।** बुधवार को झींक बिजुरी से कोतमा आये एक व्यापारी की चार पहिया गाड़ी से सरेराह 1 लाख रुपए पार किए जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद पूरे नगर में सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पुलिस के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर कैमरों की जांच करते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के झींक बिजुरी निवासी विजय सोनी बर्तन एवं हार्डवेयर व्यापारी के द्वारा कोतमा सेंट्रल बैंक से दोपहर में 1 लाख 30 हजार रुपए निकाल कर नगर के कुछ व्यापारियों के यहां अपना कार्य करने के बाद रेलवे फाटक तिराहे के पास अपने चार पहिया वाहन को खड़ी कर पास के एक कंप्यूटर सेंटर में गया था और काम कर वापस आया तो गाड़ी में रखे 1 लाख की बड़ी रकम को बदमाशों द्वारा पार कर दिया गया था। दिन दहाड़े हुई वारदात के बाद व्यापारी के होश उड़ गए। आसपास के लोगों को जानकारी देकर बदमाशों की तलाश की किसी प्रकार सफलता न मिलने पर थाने में जाकर अपने साथ हुई वारदात की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस के द्वारा आस पास लगे कैमरों से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। विदित रहे कि इन दिनों बदरा नगर में आईपीएल सट्टा का खेल तेजी से संचालित होने के कारण लगातार अपराधिक घटनाए में तेजी आई है। 24 घंटे के बाद भी पुलिस अभी तक आरोपी का पता लगाने में सफल नहीं हो पाई है। पूर्व में भी नगर के मुख्य बाजार आजाद चौक के पास स्थित स्टेशनरी दुकान के सामने फुनगा के एक व्यापारी के मोटरसाइकिल की डिक्की से भी नगद रकम पर होने का मामला आया था लेकिन उसका भी आज तक कुछ पता नहीं चल पाया। पूर्व में चोलन गांव निवासी एक महिला के गले से सोने का चैन दिनदहाड़े लूट लिया गया था। लेकिन वह मामला भी अभी तक पुलिस के ठंडे बस्ती में दवा पड़ा है। आए दिन हो रही इस तरह की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर में जन चर्चा है कि क्या पुलिस एक लाख रुपए लूट के मामले को उलझा पाएगी या फिर यह मामला भी ठंडा बस्ती में चला जाएगा।

### शासकीय जमीनों पर गिद्ध की तरह गड़ी भू माफिया की नजर

**कोतमा।** नगर में खाली पड़ी शासकीय जमीनों पर गिद्ध की तरह भू माफिया की नजर गडी हुई है। नगर में कहीं पर भी यदि शासकीय भूमि खाली पड़ी है तत्काल ही उसे भूमि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा कब्जा करते हुए बकायदे उसमें फिंसिंग करवा कर उस जगह को घेर लिया जाता है। और बाद में या तो उसमें भवन का निर्माण कर लिया जाता है या उसे भूमि को विक्रय कर दिया जाता है। नगर में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के शासकीय महाराजा मार्तंड विद्यालय के पास सामने आया जब खाली पड़े शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति के द्वारा कब्जा करते हुए उसे जगह को घेरने का प्रयास किया जा रहा था। प्राचार्य के द्वारा जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली के पास पत्राचार करते हुए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने की शिकायत की जिसे गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को कलेक्टर के द्वारा एसडीम अजीत तिर्की तहसीलदार ईश्वर प्रधान को मौके पर जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम तहसीलदार के द्वारा मौके पर पटवारी अभिमन्यु को भेजा गया जहां पर वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव निवासी गणेश पिता गनपत यादव के द्वारा लगभग पचास डिस्मिल शासकीय भूमि पर लकड़ी की बल्ली गाढकर कंटीले लोहे के तार से कब्जा करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा था। तत्काल ही तहसीलदार के द्वारा नगर पालिका से जेसीबी मशीन बुलवाकर मौके से अतिक्रमण को ध्वस्त करवाते हुए मौका पंचनामा तैयार किया गया। नगर में कई ऐसी खाली पड़ी शासकीय जमीनों पर भू माफिया के द्वारा कब्जा किया गया है उसे भी जिला कलेक्टर के द्वारा संज्ञान में लेते हुए ऐसे अतिक्रमण को ध्वस्त करवाते हुए शासकीय जमीनों को सुरक्षित करवाए जाने के निर्देश देने चाहिए।

### एसएमएस यूनियन के आंदोलन के सामने झुका प्रबंधन, मानी सभी मांगें



**बदरा/जमुना।** 2.4.2025 से सभी के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन के द्वारा क्रमिक अनशन निरंतर किया जा रहा है और आगे भी चलता रहता लेकिन प्रबंधन के अनुरोध ओर संपूर्ण मांगो को मान लेने के शर्त पर 9.4.25 को महाप्रबंधक की मौजूदगी में क्षेत्रीय सभागार कक्ष में सायं 5.30 बजे प्रबंधन ओर संगठन के बीच सौहार्द पूर्ण वातावरण में बैठक संपन्न हुई।